कार्य पत्रिका: 7 दिनांक 20/1/22 विषय: हिंदी

कक्षा द्वितीय अध्यापिका: कल्पना बावा

व्याकरण सर्वनाम(pronoun)

जो शब्द संज्ञा(noun) के स्थान पर बोले या लिखे जाते हैं उन्हें सर्वनाम(pronoun)कहते हैं

राम एक छोटा लड़का है राम अपने माता पिता के साथ गाँव में रहता है राम को स्कूल जाना अच्छा नहीं लगता राम को खेलना पसंद है ।

इन वाक्यों में राम का शब्द प्रयोग बार बार हुआ है। जो सुनने में अच्छा नहीं लगता इसके स्थान पर हम सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हैं।

राम एक छोटा लड़का है वह अपने माता पिता के साथ गाँव में रहता है उसे स्कूल जाना अच्छा नहीं लगता उसे खेलना पसंद है।

सर्वनाम शब्द

जैसे: यह,वह ,तुम ,हम, हमारे, उसका, उसे, उसके, वे, आप, अपने, कोई, कुछ, जो, सो, जिसे, कौन, क्या ,आदि

प्रश्न1 निम्न वाक्यों में सही सर्वनाम चुनकर खाली स्थान पर लिखो

1. रवि ---------- (मेरा / उसने) दोस्त है।
2. ------ (वह / उसका) ठीक समय पर स्कूल जाता है।
3. अध्यापक ----------- (उसने / उसे) प्यार करते हैं।
4. -------- (उसके / वह) पिता इंजिनीयर हैं।
5. ---------- (मैं / उसकी) माँ डॉक्टर हैं।
6. --------- (उन्होंने / उसका) घर बहुत बड़ा है।
7. --------- (हम / तुम) कल दिल्ली जाएँगे।
8. अभी ---------- (मुझे / उसने) बाज़ार जाना है।
9. ------(उसका / मैं) सिनेमा देख रहा हूँ।

प्रश्न 2 दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पूरा करो

(हम , तुम , उसकी, तुम्हारा , आप , उसको, तुम्हारे , मैं, वे)

१ .... आराम से बैठिए।

२. .... बाहर जाओ।

३. .... रोज नहाता हूँ।

४. .... हरी सब्जियाँ खाते हैं।

५. .... नाम क्या है?

६.इन में से कौन सी बोतल .... है?

७. .... पढ़ना बहुत पसंद है।

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर गोले लगाओ।

1 प्रिया मेरी बहन है वह पढ़ने में बहुत होशियार है।

2 मेरे पास एक कुत्ता है जो काले रंग का है।

3 मेरा मित्र अच्छा विद्यार्थी है, वह रोज स्कूल आता है।

4 मेरे पिताजी मेरे लिए यह पुस्तक लाए।

5 यह घर हमारा नहीं है ।

6 आज मैंने एक फिल्म देखी।

7 तुम घर नहीं जाओगे।

8 हमें खेलने दो ।

9 राम मोहन के साथ उसके घर गया ।

10 हमको खेलना पसंद है ।